# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

### जनवरी-मार्च, 2010 सत्र

### शुक्रवार, दिनांक 12 मार्च, 2010

### तारांकित प्रश्नोत्तर

जनपद पंचायत सारंगढ़ को गौण खनिज रॉयल्टी मद में प्राप्त राशि

1. ( *क्र. 277) **श्रीमती पद्मा घनश्याम मनहर** : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जनपद पंचायत सारंगढ़ को 2007-08 एवं 2008-09 में गौण खनिज रॉयल्टी मद से कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई है ? इस राशि का वितरण जनपद पंचायत द्वारा किस-किस ग्राम पंचायत को कितना-कितना किया गया ? (ख) क्या गौण खनिज रॉयल्टी राशि के गलत वितरण की शिकायत की गई है? यदि हां, तो उक्त शिकायत पर किसके द्वारा जांच की गई तथा जांच में क्या तथ्य पाए गए ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2007-08 में रु. 2,46,21,679/- (रु. दो करोड़ छियालीस लाख इक्कीस हजार छ: सौ उन्यासी मात्र) तथा वर्ष 2008-09 में राशि प्राप्त नहीं हुई है. ग्राम पंचायतों को किए राशि वितरण की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) जी हां. शिकायत की जांच पंचायत एवं समाज शिक्षा संगठक बरमकेला तथा प्रभारी पंचायत एवं समाज शिक्षा संगठक, सारंगढ़ द्वारा की गई. जांच में निम्नानुसार तथ्य पाए गए :—

1. ग्राम पंचायत जशपुर या उसके आसपास कोई खदान नहीं है. खदान की दूरी लगभग 10-12 कि.मी. है. जो दूसरे ग्राम पंचायत क्षेत्र में है.

2. ग्राम पंचायत जशपुर में गौण खनिज मद में प्रदाय की गई राशि रु. 4,98,500/-आहरण कर तटबंध निर्माण में व्यय की गई. आहरित राशि के विरुद्ध रु. 2,34,650/-रोकड़ बही में व्यय किया जाना पाया गया. शेष राशि रु. 2,63,850/- का व्यय विवरण रोकड़ बही में दर्ज किया जाना नहीं पाया गया. कार्य का मूल्यांकन राशि रु. 4,99,471/- है.

आरंग विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्माणाधीन सड़कों की स्थिति

2. ( *क्र. 1019) **श्री रूद्र कुमार गुरु** : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) आरंग विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 2008-09 एवं 2009-10 में कितने सड़कों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनाया जा रहा है ? (ख) निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कराया जाएगा ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम) : (क) 01 सड़क. (ख) जून 2010 तक पूर्ण कर लिए जाने की संभावना है.

मसुरिया सिंचाई जलाशय योजना की प्रशासकीय स्वीकृति तथा अधिग्रहित भूमि का मुआवजा

3. ( *क्र. 511) **श्री बोधराम कंवर** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोरबा जिले के विकासखण्ड पाली की मसुरिया सिंचाई जलाशय योजना को कब प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई ? इसकी लागत व सिंचाई क्षमता क्या है ? (ख) जलाशय निर्माण में कितनी शासकीय भूमि व निजी भूमि डूब में आ रही है ? (ग) निजी भूमि का मुआवजा कृषकों को कब तक भुगतान किया जा सकेगा ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव) : (क) कोरबा जिले के विकासखंड पाली की मसुरिया सिंचाई जलाशय योजना की

---

† परिशिष्ट "एक"

प्रशासकीय स्वीकृति दिनांक 14-2-08 को प्रदान की गई. इसकी लागत रु. 195.11 लाख व सिंचाई क्षमता 200 हेक्टेयर है. (ख) जलाशय निर्माण से 2.44 हेक्टेयर शासकीय भूमि एवं 10.891 हेक्टेयर निजी भूमि डुबान में आ रही है. (ग) भू-अर्जन प्रकरण का निराकरण अर्द्ध न्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत होने के कारण मुआवजा भुगतान की निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है.

जिला जांजगीर-चांपा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़कों की गुणवत्ता की जांच

4. (*क्र. 1718) **श्री दूजराम बौद्ध :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जांजगीर चांपा जिले में प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों की गुणवत्ता खराब होने की कितनी शिकायतें 2006-07, 2007-08, 2008-09, 2009-10 में प्राप्त हुई है ? (ख) क्या शिकायतों पर जांच कराई गई है ? यदि हां, तो किस स्तर के अधिकारी से ? (ग) कितनी शिकायतें सही पाई गई ? कौन-कौन दोषी पाये गये ?

**पंचायत मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रश्नांकित अवधि में 21 शिकायतें प्राप्त हुई है. (ख) जी हां. जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ग) 2 शिकायतें सही पाई गई. [illegible]ली शिकायत में श्री बी. पी. सिंह कार्यपालन अभियंता एवं श्री सी. एल. भारद्वाज तथा दूसरी शिकायत में ठेकेदार श्री सुनील कुमार अग्रवाल [illegible]षी पाए गए.

बस्तर की इन्द्रावती नदी एवं जोरा नाला के संगम पास के स्ट्रक्चर निर्माण

5. (*क्र. 1641) **श्री मोहम्मद अकबर :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या बस्तर की इन्द्रावती नदी एवं जोरानाला संगम के पास स्ट्रक्चर निर्माण हेतु उड़ीसा एवं छ. ग. शासन के मध्य सहमति बन गई है ? यदि हां, तो किन-किन शर्तों के अधीन दोनों राज्य सरकारों द्वारा कुल कितनी-कितनी राशि व्यय की जायेगी तथा क्या-क्या निर्माण किया जायेगा ? (ख) उक्त नदी एवं नाले से वर्तमान स्थिति में कितना-कितना पानी छ.ग. एवं उड़ीसा को मानसून एवं गैर मानसून काल में प्राप्त हो रहा है, तथा स्ट्रक्चर निर्माण के बाद मानसून एंव गैर मानसून काल में कितना-कितना पानी दोनों राज्यों को प्राप्त होगा ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) जी हां. मुख्य शर्तों के अनुसार 50-50 प्रतिशत जल दोनों राज्यों को प्राप्त होगा. कंट्रोल स्ट्रक्चर्स के निर्माण कार्य हेतु उड़ीसा शासन द्वारा रु. 31.68 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है. संपूर्ण निर्माण कार्य पर होने वाले व्यय को, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पूर्णत: वहन करने की सैद्धांतिक सहमति दी गई है. जल के बटवारे हेतु इन्द्रावती नदी एवं जोरा नाला पर, केन्द्रीय जल आयोग द्वारा अनुमोदित डिजाईन-ड्राईंग के अनुसार हाइड्रालिक गेटेड कंट्रोल स्ट्रक्चर का निर्माण किया जावेगा तथा नदी के किनारों का कटाव रोकने हेतु कांक्रीट ब्लाक पिचींग कार्य किया जावेगा. (ख) इन्द्रावती नदी एवं जोरानाला में वर्तमान में, केन्द्रीय जल आयोग द्वारा स्थापित गेज एवं डिस्चार्ज साईट के आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा को निम्नानुसार पानी, मानसून एवं गैर मानसून काल में प्राप्त हो रहा है :-

| स.क्र. | माह/वर्ष | छ.ग. को जगदलपुर के पास इन्द्रावती नदी में प्राप्त हो रहा जल बहाव [घ.मी./से. (क्यूमेक) में] | उड़ीसा को मुर्थाहाण्डी के पास जोरा नाला में प्राप्त हो रहा जल बहाव [घ.मी./से. (क्यूमेक) में] |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | जून-08 | 191.07 | 324.66 |
| 2. | जुलाई-08 | 8343.79 | 3662.63 |
| 3. | अगस्त-08 | 15997.29 | 6708.42 |
| 4. | सितम्बर-08 | 8218.49 | 3719.51 |
| 5. | अक्टूबर-08 | 6530.13 | 3419.39 |
| 6. | नवम्बर-08 | 891.61 | 937.05 |
| 7. | दिसम्बर-08 | 201.36 | 433.90 |
| 8. | जनवरी-09 | 143.76 | 281.69 |
| 9. | फरवरी-09 | 107.28 | 231.39 |
| 10. | मार्च-09 | 82.71 | 217.18 |
| 11. | अप्रैल-09 | 88.55 | 248.71 |
| 12. | मई-09 | 81.61 | 313.18 |

प्रस्तावित स्ट्रक्चर निर्माण उपरान्त दोनों राज्यों को मानसून अवधि में यथावत जल प्राप्त होगा तथा गैर मानसून अवधि में इन्द्रवती नदी (छत्तीसगढ़) तथा जोरानाला (उड़ीसा) में 50%-50% जल प्राप्त होगा.

† परिशिष्ट "दो"

जिला महासमुन्द में स्थापित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्रों जानकारी

6. ( *क्र.1692 ) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) महासमुन्द जिला अंतर्गत 31 जनवरी, 2010 की स्थिति में कहां-कहां औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित है ? नाम सहित बतावें ? ( ख ) औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र खोलने तथा प्रशिक्षण सह उत्पादन केन्द्र खोलने का क्या मापदंड है ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : ( क ) 01 औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र बागबहरा में स्थापित है. जिसका नाम के. एन. एस. श्रीमाल औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र है. ( ख ) औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र खोलने के संबंध में निर्धारित मापदंड † संलग्न परिशिष्ट के अनुसार है तथा प्रशिक्षण सह उत्पादन केन्द्र खोलने संबंधी कार्य विभाग द्वारा नहीं किया जाता है.

चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र में जलग्रहण मिशन अंतर्गत कराए गये कार्य

7. ( *क्र. 1659 ) **श्री बैदूराम कश्यप :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र में राजीव गांधी जलग्रहण मिशन एवं राष्ट्रीय जलग्रहण मिशन कब से कहां-कहां संचालित है ? ( ख ) जलग्रहण मिशन अंतर्गत कौन-कौन से कार्य किन-किन स्थलों में कब-कब कराये गये ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम ) : ( क ) पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय जल ग्रहण मिशन संचालित नहीं किया जाता. विभाग द्वारा संचालित जल ग्रहण परियोजना की जानकारी पुस्तकालय में रखे "परिशिष्ट-एक" में दर्शित है. ( ख ) जानकारी पुस्तकालय में रखे "परिशिष्ट-दो" में दर्शित है.

त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के तहत प्राप्त अनुदान

8. ( *क्र. 408 ) **श्री सौरभ सिंह :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) वर्ष 2007, 2008 और 2009 में केन्द्र शासन से त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम ( ए.आई.बी.पी. ) के तहत प्रतिवर्ष कितना अनुदान प्राप्त हुआ है ? इसमें से कितनी राशि का उपयोग हुआ है ? ( ख ) उल्लेखित समय-सीमा में जांजगीर-चांपा जिले में कहां-कहां पर कितनी राशि खर्च हुई है ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : ( क ) जल संसाधन विभाग के अंतर्गत वर्ष 2007, 2008 एवं 2009 में केन्द्र शासन से त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (AIBP) के तहत निम्नानुसार अनुदान प्राप्त तथा राशि का उपयोग किया गया है.

रु. करोड़ में

| स. क्र. | वर्ष | प्राप्त अनुदान | व्यय |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | 2007-08 | 96.964 | 84.134 |
| 2. | 2008-09 | 193.039 | 140.120 |
| 3. | 2009-10 (01/2010) | 60.885 | 75.838 |
| | **योग** | **350.888** | **300.092** |

( ख ) उल्लेखित समय-सीमा में जांजगीर-चांपा जिले में 3 योजनाओं पर व्यय राशि की विस्तृत जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

जिला कोरबा में राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना तहत निष्पादित कार्यों का मजदूरों को भुगतान

9. ( *क्र. 1135 ) **श्री रामदयाल उईके :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) जिला पंचायत कोरबा द्वारा ग्राम पंचायतों को जल संसाधन विभाग, वन विभाग, आर.ई.एस. को वर्ष 2008-09 एवं वर्ष 2009-10 में राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत

† परिशिष्ट "तीन" †† परिशिष्ट "चार"

प्रदान की गई राशि में से 26 दिसम्बर, 2009 तक कितने मजदूरों को कितनी राशि की मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है ? विकासखण्डवार, विभागवार राशि का आंकड़ा दें. (ख) ग्राम पं. पोंड़ी, विकासखण्ड पाली में उक्त योजनान्तर्गत 2008-09 में एवं 2009-10 में कौन-कौन से निर्माण कार्य कराये गये ? कार्यवार स्वीकृत राशि का आंकड़ा भी बतायें ?

**पंचायत मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) 49,549 मजदूरों को रु. 37.16 लाख का मजदूरी भुगतान नहीं किया गया है. विकासखण्डवार, विभागवार लंबित भुगतान राशि का विवरण निम्नानुसार है :—

| क्र. | क्रियान्वयन एजेंसी | विकासखंड का नाम | मजदूरों की संख्या | लंबित भुगतान राशि (लाख रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | ग्राम पंचायत | पाली | 48356 | 36.27 |
| 2. | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा | पोड़ी उपरोड़ा | 1193 | 0.89 |

(ख) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

डोंगरगांव वि. स. क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्मित सड़कें

10. ( *क्र. 1199) **श्री खेदूराम साहू :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या डोंगरगांव विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत वर्ष 2008-2009 एवं 2009-2010 में किस-किस मार्ग का निर्माण किया गया ? वर्षवार एवं सड़कवार विवरण देवें. (ख) क्या उक्त वर्षों में तेन्दुनाला से दर्राबांधा तक स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है ? अनुबंध के तहत सड़क का रखरखाव कितने वर्षों तक ठेकेदार द्वारा किया जाना है ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2008-09 में कुल 25 सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किये गये थे. जिसमें 2 सड़क लोक निर्माण विभाग द्वारा पूर्ण किया गया. शेष 23 कार्य प्रगति पर हैं. वर्षवार एवं सड़कवार विवरण †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) जी हां. सड़क के पूर्णता दिनांक 15-06-2007 से 5 वर्ष तक.

बिलाईगढ़ विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत सिंचाई परियोजनाओं के जीर्णोद्धार हेतु स्वीकृत राशि

11. ( *क्र. 1324) **डॉ. शिवकुमार डहरिया :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि बिलाईगढ़ विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत वृहद, मध्यम व लघु सिंचाई परियोजनाओं के लिए सत्र 2008-09 एवं 2009-10 (माह दिसम्बर, 2009 तक) में मरम्मत एवं जीर्णोद्धार हेतु कितनी राशि विभागीय मद से या अन्य मद से स्वीकृत की गई है ? कितनी राशि खर्च की गई ? परियोजनावार पृथक-पृथक कार्यों के नाम एवं स्थान सहित बतावें.

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव) : बिलाईगढ़ विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत वृहद, मध्यम तथा लघु सिंचाई परियोजनाओं के लिए वर्ष 2008-09 एवं 2009-10 में ( माह दिसम्बर 2009 तक) मरम्मत एवं जीर्णोद्धार हेतु विभागीय एवं अन्य मद से स्वीकृत राशि एवं व्यय का विवरण परियोजनावार कार्य के नाम एवं स्थान सहित ‡ संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

जिला दुर्ग में नरेगा एवं सूखा राहत के तहत स्वीकृत कार्य तथा व्यय राशि

12. ( *क्र. 1259) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2007 से 31-1-10 तक दुर्ग जिले में नरेगा एवं सूखा राहत के तहत कितने कार्यों की स्वीकृति दी गई तथा कितना व्यय हुआ ? जानकारी देवें. (ख) उक्त अवधि में कितना मजदूरी भुगतान शेष है और क्यों ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रश्नांकित अवधि में नरेगा तथा सूखा राहत के तहत् कार्यों की स्वीकृति एवं व्यय की

† परिशिष्ट "पांच" †† परिशिष्ट "छः" ‡ परिशिष्ट "सात"

जानकारी निम्नानुसार है :—

| क्र. | योजना का नाम | स्वीकृत कार्य | व्यय राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना | 4309 | 10863.93 |
| 2. | सूखा राहत | 261 | 884.56 |

(ख) उक्त अवधि का मजदूरी भुगतान शेष नहीं है.

खडगवां तथा मनेन्द्रगढ़ विकासखण्ड में राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत पंजीकृत परिवार

13. ( *क्र. 319) **श्री दीपक कुमार पटेल :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोरिया जिले में खडगवां एवं मनेन्द्रगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत राष्ट्रीय रोजगार गारण्टी योजना के तहत कुल कितने परिवार पंजीकृत हैं ? (ख) पंजीकृत परिवारों में से कितने परिवार का मजदूरी भुगतान हेतु खाता खोला जा चुका है ? कितने शेष हैं ? (ग) जिनका खाता नहीं खोला गया है उनके मजदूरी भुगतान हेतु क्या व्यवस्था की गई है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) खडगवां विकासखण्ड में 21395 तथा मनेन्द्रगढ़ विकासखण्ड में 17193 परिवार. (ख) खडगवां विकासखण्ड में 38210 श्रमिकों के खाते खोले गए हैं तथा 3265 खाते खोला जाना शेष है. मनेन्द्रगढ़ विकासखण्ड में 21573 श्रमिकों के खाते खुले हैं तथा 19141 खाते खोला जाना शेष है. (ग) जिन पंजीकृत परिवारों के श्रमिकों का खाता नहीं खोला गया है उन श्रमिकों के खाते कार्य नियोजन के दौरान खोल लिये जाते हैं. उनकी मजदूरी का भुगतान बैंक/डाकघर के माध्यम से ही किया जाता है.

रायपुर के शासकीय महाविद्यालयों में प्राध्यापकों के स्वीकृत एवं कार्यरत पद

14. ( *क्र. 1730) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर में कितने शासकीय महाविद्यालय संचालित हैं ? (ख) कंडिका "क" के महाविद्यालयों में विषयवार प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं ? कितने पदस्थ हैं ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) रायपुर शहर में 06 शासकीय महाविद्यालय संचालित हैं. (ख) † संलग्न परिशिष्ट में है.

नवागढ़ विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़कें

15. ( *क्र. 1658) **श्री दयाल दास बघेल :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र नवागढ़ में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2009-2010 में कौन-कौन सा मार्ग स्वीकृत है ? कार्य कब तक प्रारंभ किया जायेगा ? (ख) क्या उक्त विधान सभा क्षेत्र में 500 की जनसंख्या के सभी गांवों को प्र.मं.ग्रा. सड़क योजना से जोड़ा जा चुका है यदि नहीं तो, कितने गांव मुख्य मार्ग से नहीं जुड़े हैं ?

**पंचायत मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) कोई भी मार्ग स्वीकृत नहीं है. प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता. (ख) जी नहीं. 27 बसाहटें.

एम.आर.पी. को तांदुला जलाशय में जोड़ने हेतु सर्वे

16. ( *क्र. 778) **श्री ताम्रध्वज साहू :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या शासन द्वारा महानदी

† परिशिष्ट "आठ"

रिज़र्वायर प्रोजेक्ट (एम.आर.पी.) को तांदुला से जोड़ने हेतु सर्वे किया गया है ? (ख) यदि हां तो, क्या सर्वे पूर्ण हो गया है ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) जी नहीं. विस्तृत सर्वेक्षण प्राक्कलन की प्रशासकीय स्वीकृति हेतु प्रकरण प्रक्रियाधीन है. (ख) "क" के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

राष्ट्रीय गुणवत्ता निरीक्षक द्वारा प्रदेश के सड़कों की जांच

17. (*क्र. 1608) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राष्ट्रीय गुणवत्ता निरीक्षक द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में जिलेवार कितनी सड़कों की जांच की गई ? (ख) केन्द्र सरकार द्वारा असन्तोषजनक पायी गयी कौन-कौन सी सड़कों को फिर से उखाड़ कर बनाने के निर्देश दिये गए हैं ? इन घटिया सड़कों के निर्माण के लिए कौन-कौन ठेकेदार एवं कौन-कौन अधिकारी जिम्मेदार हैं. समय-सीमा में सड़कों को उखाड़कर नया निर्माण करने वालों के विरुद्ध शासन दोषी ठेकेदार एवं अधिकारी के विरुद्ध क्या कार्यवाही करेगा ?

**पंचायत मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) एवं (ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़कों की गुणवत्ता

18. (*क्र. 1591) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जुलाई, 2004 से जनवरी, 2010 तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ प्रदेश को कुल कितनी राशि केन्द्र सरकार द्वारा आवंटित की गई है ? वर्षवार प्राप्त राशि की जानकारी दें. (ख) प्रश्नांश "क" में उल्लेखित अवधि में कुल कितनी सड़कों का निर्माण किया गया ? कितने निर्माणाधीन हैं ? निर्मित एवं निर्माणाधीन की संख्या जिलेवार बतायें. (ग) क्या निर्मित सड़कों का निरीक्षण राष्ट्र गुणवत्ता नियंत्रक एवं राज्य गुणवत्ता निरीक्षक द्वारा किया गया है? यदि हां तो, कितनी सड़क गुणवत्ता विहीन अथवा घटिया पाई गई ? (घ) घटिया स्तर की पाई गई सड़क के ठेकेदारों पर क्या कार्यवाही की गई है ? जानकारी दें.

**पंचायत मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) जुलाई 2004 से जनवरी 2010 तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ प्रदेश को केन्द्र सरकार से रुपये 370125.98 लाख राशि आवंटित की गई है. वर्षवार प्राप्त राशि का विवरण † संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित है. (ख) प्रश्नांश "क" में उल्लेखित अवधि में 2778 सड़कों का निर्माण किया गया. 1615 सड़कें निर्माणाधीन है. निर्मित एवं निर्माणाधीन सड़कों की जिलेवार संख्या † संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित है. (ग) जी हां. राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक द्वारा उपरोक्त अवधि में कुल 527 निरीक्षण किया गया जिसमें 62 सड़कों को असंतोषप्रद श्रेणी में रखा गया तथा राज्य गुणवत्ता समीक्षक द्वारा उपरोक्त अवधि में 1083 निरीक्षण किया गया जिसमें 109 सड़कों में असंतोषप्रद श्रेणी में वर्गीकृत किया गया. (घ) असंतोषप्रद पायी गई सड़कों के ठेकेदारों से अमानक कार्य को हटाकर मानक स्तर का कार्य कराया गया है तथा कुछ सड़कों में सुधार कार्य कराया जा रहा है. 2 सड़कों में सुधार नहीं कराये जाने के कारण ठेकेदार के विरुद्ध वसूली की कार्यवाही की गई.

जगदलपुर विधान सभा क्षेत्र में रोजगार गारंटी योजनांतर्गत प्राप्त आवंटन

19. (*क्र. 230) **श्री संतोष बाफना :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जगदलपुर विधान सभा क्षेत्रांतर्गत रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत वर्ष 2008-09 में कितना आवंटन प्राप्त हुआ तथा कितने कार्यों की स्वीकृति दी गई ? (ख) उक्त कार्यों में कितने हितग्राहियों को कितने मानव दिवस का कार्य उपलब्ध कराया गया ? जनपद पंचायतवार जानकारी देवें ?

**पंचायत मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में केन्द्र एवं राज्य शासन से विधान सभावार आवंटन प्राप्त नहीं होता है, बल्कि जिलेवार प्राप्त होता है. जगदलपुर विधान सभा के अंतर्गत वर्ष 2008-09 में 158 कार्यों के लिये 850.58 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई, जिसके विरुद्ध 765.20 लाख रुपये का आवंटन उपलब्ध कराया गया. (ख) उक्त कार्यों में 54,858 पंजीकृत श्रमिकों को कुल 2,74,289 मानव दिवस का कार्य उपलब्ध कराया गया. जनपद पंचायतवार जानकारी निम्नानुसार है :—

| क्रमांक | जनपद पंचायत का नाम | रोजगार उपलब्ध कराये गये पंजीकृत श्रमिकों की संख्या | उपलब्ध कराये गये मानव दिवस |
|---|---|---|---|
| 1. | जगदलपुर | 38,174 | 1,90,867 |
| 2. | दरभा | 16,684 | 83,422 |
| | **योग** | **54,858** | **2,74,289** |

† परिशिष्ट "नौ"

डौण्डीलोहारा विधान सभा क्षेत्र के कोकान जलाशय से सिंचित रकबा

20. ( *क्र. 1391) **श्रीमती नीलिमा सिंह टेकाम :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले के डौण्डीलोहारा विधान सभा क्षेत्र के विकासखण्ड डौण्डी के अन्तर्गत कोकान जलाशय का निर्माण कौन से वर्ष में कितनी लागत से हुआ है ? उक्त जलाशय से कितने एकड़ में सिंचाई होती है ? (ख) क्या यह सत्य है कि कोकान जलाशय का निर्मित नाली रपटा कमजोर होने के कारण बरसात में अतिवृष्टि होने से बांध का रपटा नाली फूट जाता है जिससे सिंचाई नहीं हो रही है ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) दुर्ग जिले के डौण्डीलोहारा विधान सभा क्षेत्र के विकासखण्ड डौण्डी के अंतर्गत कोकान जलाशय का निर्माण वर्ष 1976 में रु. 4.13 लाख की लागत से हुआ है. उक्त जलाशय से 279 एकड़ में सिंचाई होती है. (ख) निर्मित नाली कमजोर नहीं है, किन्तु अतिवृष्टि एवं बांध के उलट के आर.डी. 210 मी. में ग्रामीणों द्वारा अस्थाई बंड बनाने के कारण बांध का उलट तथा इसके समानांतर स्थित दांयी तट नहर क्षतिग्रस्त हो गयी है, जिसके कारण बांयी तट से 121 एकड़ में सिंचाई हो रही है तथा दांयी तट नहर से वर्ष 2008 से सिंचाई नहीं हो रही है.

पंडरिया विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री सड़क योजना के अपूर्ण कार्य

21. ( *क्र. 1642) **श्री मोहम्मद अकबर :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला कबीरधाम में पंडरिया विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत 1 फरवरी, 2010 की स्थिति में कौन-कौन से मार्ग किन-किन कारणों से अपूर्ण हैं ? (ख) अपूर्ण छोड़े गए कार्यों के लिए किस-किस ठेकेदार के विरुद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई ?

**पंचायत मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) माकरी से पटुवा पैकेज क्रमांक CG 09-16 के ठेकेदार श्री मानागोविन्द जायसवाल का निविदा निरस्त किया गया.

बिलाईगढ़ एवं कसडोल वि.ख. के ग्राम सचिवालयों एवं ब्लाक सचिवालयों की बैठकें

22. ( *क्र. 992) **डॉ. शिवकुमार डहरिया :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या ग्राम पंचायतों एवं ब्लॉक मुख्यालयों में ग्राम सचिवालय एवं खण्डस्तर आयोजित (लगाने) किये जाने का प्रावधान है ? यदि हां तो, बिलाईगढ़ एवं कसडोल विकासखंड के ग्राम सचिवालयों एवं ब्लाक सचिवालयों की बैठकें सत्र 2008-09 एवं 2009-10 में कब-कब आयोजित की गई है ? यदि नहीं की गई है, तो सचिवालय आयोजित नहीं करने का क्या कारण है बतायें ?

**पंचायत मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : जानकारी एकत्रित की जा रही है.

खर्रा एवं सोंढ वितरक शाखा नहर के लाईनिंग कार्य का सर्वेक्षण

23. ( *क्र. 782) **श्री ताम्रध्वज साहू :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या तांदुला मुख्य नहर के अंतिम छोर में स्थित खर्रा वितरक शाखा नहर एवं सोंढ वितरक शाखा नहर की लाईनिंग कार्य का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कर लिया गया है ? (ख) यदि हां,तो क्या उक्त वितरक शाखा नहरों के लाईनिंग कार्य का प्राक्कलन तैयार कर प्रशासकीय स्वीकृति हेतु शासन को भेजा जा चुका है ? यदि हां तो, वर्तमान में अद्यतन स्थिति क्या है ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) जी हां. (ख) जी नहीं. प्राक्कलन शासन को प्राप्त नहीं हुए हैं, अतः वर्तमान में अद्यतन स्थिति बताये जाने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है.

केलो परियोजना हेतु काटे गये पेड़ों के स्थान पर नये पौध रोपण की जानकारी

24. ( *क्र. 1593) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले में निर्माणाधीन केलो परियोजना के डुबान में आने वाले क्षेत्र के कितने पेड़ों की कटाई हेतु परियोजना द्वारा केन्द्र से अनुमति मांगी गई थी ? (ख) उक्त पेड़ों की कटाई के एवज में पौध रोपण हेतु कितने क्षेत्र में कितने पौधे हेतु कितनी राशि जमा कराई गई ?

---

† परिशिष्ट "दस"

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) रायगढ़ जिले में निर्माणाधीन केलो परियोजना के डुबान में आने वाले क्षेत्र के 2,17,023 नग पेड़ों की कटाई हेतु परियोजना द्वारा केन्द्र सरकार (वन विभाग के माध्यम से) अनुमति मांगी गई थी. (ख) उक्त पेड़ों की कटाई के एवज में पौध रोपण हेतु 724 हेक्टेयर में 2,89,600 नग पौधे हेतु राशि रु. 4,29,68,676.00 (वन विभाग को) जमा कराई गई.

--------------

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 01 (क्र. 277) के भाग (क) की जानकारी ]

**जनपद पंचायत सारंगढ़ द्वारा गौण खनिज मद की राशि का ग्राम पंचायतवार वितरण की जानकारी**

| क्रमांक (1) | ग्राम पंचायत का नाम (2) | प्रदत्त राशि (3) | कुल योग (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | गुंडेली | 900000.00 | 900000.00 |
| 2. | धौराभाठा | 900000.00 | 900000.00 |
| 3. | सहसपानी | 4903629.00 | 4903629.00 |
| 4. | टिमरलगा | 1498488.00 | 1498488.00 |
| 5. | रांपागुला | 1549500.00 | 1549500.00 |
| 6. | साल्हे | 2883990.00 | 2883990.00 |
| 7. | खर्री छोटे | 1850000.00 | 1850000.00 |
| 8. | बोईरडीह | 200000.00 | 200000.00 |
| 9. | रींवापार | 661000.00 | 661000.00 |
| 10. | गोड़ा | 660000.00 | 660000.00 |
| 11. | माधोपाली | 700000.00 | 700000.00 |
| 12. | रानीसागर | 250000.00 | 250000.00 |
| 13. | कनकबीरा | 200000.00 | 200000.00 |
| 14. | अचानकपाली | 199640.00 | 199640.00 |
| 15. | छिंद | 200000.00 | 200000.00 |
| 16. | गोड़िहारी | 915000.00 | 915000.00 |
| 17. | कुम्हारी | 1300000.00 | 1300000.00 |
| 18. | जशपुर | 498500.00 | 498500.00 |
| 19. | बटाउपाली ब | 519101.00 | 519101.00 |
| 20. | कपरतुंगा | 141684.00 | 141684.00 |
| 21. | परसदा छोटे | 1000000.00 | 1000000.00 |
| 22. | मुड़पार छोटे | 377233.00 | 377233.00 |
| 23. | नौरंगपुर | 40000.00 | 40000.00 |
| 24. | पहंदा | 120000.00 | 120000.00 |
| 25. | खोखसीपाली | 200000.00 | 200000.00 |
| 26. | खजरी | 320000.00 | 320000.00 |
| 27. | अमेठी | 80000.00 | 80000.00 |
| 28. | गंजाईभौना | 1100000.00 | 1100000.00 |
| 29. | पासीद | 200000.00 | 200000.00 |
| 30. | बैगीनडीह | 100000.00 | 100000.00 |
| 31. | हरदी | 200000.00 | 200000.00 |
| | **कुल योग** | **24667765.00** | **24667765.00** |

परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 04 (क्र. 1718) के भाग (ख) की जानकारी ]

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों की गुणवत्ता खराब होने की शिकायतों की जानकारी**

| क्र. | शिकायत वर्ष | शिकायतकर्ता का नाम | शिकायत का दिनांक | शिकायत में सम्मिलित सड़कों का नाम | जांचकर्ता अधिकारी का पदनाम |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | 2007-2008 | समाचार पत्र दैनिक मूलमंत्र | 06-03-08 | मेन रोड से चंदनियां | कार्यपालन अभियंता |
| 2. | 2009 | समस्त ग्रामवासी संजय ग्राम से चोरियां. | 12-01-09 | संजय ग्राम से चोरियां | सहायक अभियंता एवं उप-अभियं . |
| 3. | 2008 | दैनिक जागरण | 07-01-08 | बलौदा से पहरियां | सहायक अभियंता |
| 4. | 2008 | श्री साहेब लाल साहू | 15-01-08 | मुख्य मार्ग से महुदा (च) | रेसीडेंट इंजीनियर |
| 5. | 2009 | श्री गुहाराम अजगल्ले | 20-03-09 | संजय ग्राम से चोरियां | सहायक अभियंता |
| 6. | 2006 | सरपंच ग्राम पंचायत किरारी | 05-01-06 | सकरेली से रेड़ा | कार्यपालन अभियंता |
| 7. | 2009 | दैनिक हरिभूमि एवं राजेश बिस्सा | 05-05-09 | मेन रोड से चंदनियां | कार्यपालन अभियंता |
| 8. | 2009 | 1. श्री शियाराम राठौर | 22-11-09 | मेन रोड चोरियां से लखुर्री | सहायक अभियंता एवं उप-अभियंता. |
| | | 2. दिलीप कर्ष | 22-11-09 | मेन रोड चोरियां से लखुर्री | सहायक अभियंता एवं उप-अभियंता. |
| 9. | 2009 | श्री शियाराम राठौर | 22-11-09 | बिर्रा से सोनादह | सहायकअभियंता एवं उप-अभियंता. |
| 10. | 2009 | श्री शियाराम राठौर | 22-11-09 | नगरदा से दुरपा | सहायक अभियंता एवं उप-अभियंता. |
| 11. | 2009 | दिलीप कर्ष | 25-11-09 | मेन रोड चोरियां से लखुर्री | सहायक अभियंता एवं उप-अभियंता. |
| 12. | 2006-07 | श्री चन्द्रनारायणसिंह चन्द्रा ब्लाक कालोनी, मालखरौदा (मोहतरा) जिला-जांजगीर-चांपा (छ. ग.) | 19-08-06 | छपोरा से अचरीतपाली<br>छपोरा से डोमा<br>खोधरी से बासीन<br>अमलीडीह से पिरदा<br>बेल्हाडीह से खेमड़ा<br>भेड़ीकोना से मिरौनी | कार्यपालन अभियंता |
| 13. | 2006-07 | श्रीमती रोहणी देवी गबेल, सरपंच ग्राम पंचायत जाजंग विकासखंड सक्ती. | | मेनरोड डोंड़की से जाजंग | कार्यपालन अभियंता |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 14. | 2007-08 | श्रीमती नंदनी राजवाड़े सभापति स्वास्थ्य एवं महिला विकास जिला जांजगीर-चांपा. | 28-11-07 | दहिदा पहुंच मार्ग<br>मुख्य मार्ग से सिंघुल<br>कांशा पहुंच मार्ग<br>उदयभांठा पहुंच मार्ग<br>सेमरा से सलखन मार्ग | श्री सी.पी. चौधरी (एस.क्यु.एम.)<br>ठेका निरस्त |
| 15. | | श्री नोवेल कुमार विधायक चन्द्रपुर (छ. ग.) | | धोबरी से देवगांव | |
| | | श्री छगन लाल खुराना, जनपद सदस्य क्षेत्र क्र. 10 मालखरौदा | 30-08-06<br>28-06-07 | बासीन से बरपाली<br>कोटमी से खरकेना | अधीक्षण अभियंता जांजगीर-चांपा |
| 16. | 2007-08 | श्री केदार नाथ मिश्र, सक्ती<br>श्री चैतु राम ग्राम देवरी, सक्ती | 30-08-07 | डड़ाई से देवरी | कार्यपालन अभियंता |
| 17. | | श्री श्याम लाल चन्द्रा सभा प्रभारी भाजपा विधान सभा क्षेत्र मालखरौदा. | 10-05-07 | छपोरा से आचरीतपाली | कार्यपालन अभियंता |
| 18. | | सरपंच ग्राम पंचायत जुड़गा, सक्ती | 26-07-07 | सकरेलीकलॉ से जुड़गा | सहायक अभियंता |
| 19. | 2008-09 | गोवर्धन वैष्णव ग्राम जमगहन, मालखरौदा | 22-12-08 | मुक्ता से जमगहन<br>मुख्य मार्ग से कुशमुल | सहायक अभियंता<br>सहायक अभियंता |
| 20. | | श्रीमती गीता चन्द्रा मु. पो. जैजैपुर जिला जांजगीर-चांपा. | 25-04-08<br>11-05-08<br>16-05-08 | मुख्य मार्ग से गुचकुलिया<br>जैजैपुर से करचंदा<br>बेलादुला से बरेकेलखुर्द | श्री पी. सी. जैन (NQM) के द्वारा दिनांक 17-06-08 को जांच करने पर गुणवत्ता सही पाई गई. |
| 21. | 2009-10 | समस्त ग्रामवासी चोरभट्ठी विकासखण्ड नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ. ग.) | 08-07-09 | मुख्य मार्ग अवरिद से चोरभट्ठी. | श्री पी. सी. जैन (NQM) 24-05-09 |

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 06 (क्र. 1692) के भाग (ख) की जानकारी ]

**नवीन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था/केन्द्र प्रारंभ करने हेतु निर्धारित मापदंड निम्नलिखित है**

01. **मुख्य भवन हेतु मापदण्ड :—**

| क्रमांक (1) | विवरण (2) | क्षेत्रफल वर्ग मीटर में (3) |
|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य कक्ष | 20-25 |
| 2. | उप प्राचार्य कक्ष | 15 |
| 3. | स्टॉफ रूम | 10 प्रति 250 सीटों पर |
| 4. | क्लर्क रूम | 04 प्रति क्लर्क |
| 5. | स्टेशनरी स्टोर्स कक्ष | 14 |
| 6. | रिकार्ड रूम | 14 |
| 7. | पुस्तकालय एवं वाचन कक्ष | 45 (250 सीटों पर) |
| 8. | क्लास रूम | 1 वर्ग मीटर प्रति प्रशिक्षणार्थी 6 क्लास रूम (250 प्रशिणार्थियों के लिए) |

02. **व्यवसायवार आवश्यक उपलब्ध स्थान एवं पॉवर सप्लाई का मापदण्ड :—**

